बाल संगत वर्कशॉप -भायंदर

22 अप्रैल 2018, मुंबई: जीवनरूपी चित्र पटल को एकत्व के रंग से भरे।

उपरोक्त दिए गए विचार को दर्शाते हुए संत निरंकारी मिशन, प्रचार विभाग के दिशा निर्देश अनुसार 21 अप्रैल 2018 को भायंदर भवन में बाल संगत वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप बच्चों के छुटियों का समय परमार्थ में लगाने एवं मानवीयता के गुण को अपनाने में मद्दगार सिद्ध हुआ जहा माता-पिता ने अपने बच्चों को वर्कशॉप की तैयारियों में मद्द की।

दहिसर, मीरा रोड़, पेंकरपाड़ा, काशिमिरा, मुर्दागाओं, भायंदर पूर्व से सभी उम्र के बच्चों ने भाग लिया। 300 से भी अधिक भक्तगणों जिसमे बच्चे, माता पिता,एवं अन्य ब्रांचों के सक्रिय मेम्बेर्स ने भाग लिया।

वर्कशॉप की शुरुवात मल्टीमीडिया द्वारा निरंकारी मिशन के इतिहास से हुआ। कई प्रकार की गतिविधियों द्वारा मिशन के पाँच प्राणों को उजागर किया गया। मंगलाचरण एवं धुनि की महत्ता पे प्रकाश डालते हुए बच्चों से उसका गायन भी करवाया गया।

'शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी -एक गुरसिख के रूप में' एवं 'बाबा गुरबचन सिंह जी का बहूपक्षीय व्यक्तिव' इन विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन इसी दोपहर को हुआ। कुल 60 बच्चो ने हिंदी, मराठी एवं अंग्रेजी भाषा का सहारा लेते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

आदरणीय सुनील रजक जी एवं साथियों ने मिलकर वर्कशॉप का नेतृत्व किया।सेक्टर संयोजक आदरणीय हिम्मत भाई जी ने बच्चों को ब्रमज्ञान प्रदान किया। वर्कशॉप का समापन लंगर प्रसादी से हुआ।